सुशासन तिहार 2025 पर विधायक, महापौर एवं आयुक्त ने स्वयं बैठकर आवेदन प्राप्त किए

भिलाईनगर। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं काउंटर पर बैठकर आवेदन प्राप्त कर रहे थे। सर्वप्रथम नागरिको से उनके समस्याओ को सुनकर जो भी तत्काल निराकरण हो सकता था, उसे निराकृत करवाए। अन्य समस्याओ के लिए जानकारी प्राप्त करके संबंधित विभाग को कार्यवाही हेतु निर्देशित किए। विधायक ने नागरिकों को बताया कि सुशासन तिहार का आयोजन सभी नागरिको के लिए है। जिन समस्याओं को लेकर आप हमारे पास, महापौर, आयुक्त या अधिकारियों के पास जाते है, अब कहीं जाने की जरूरत नहीं है। सुशासन तिहार 2025 का उददेश्य ही यही है, जो भी समस्या है, यहां पर दर्ज करवाये। सर्वप्रथम आपके आवेदन का कार्य के अनुरूप परीक्षण किया जाएगा। एक माह के भीतर समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। हमारे सरकार का उददेश्य है सबका साथ, सबका विकास, सबका उत्थान। दिव्यांग नोहर दास बंजारे भाटापारा, कोतवाल मोहल्ला, कुरूद वार्ड क्रं. 21 अपने ब्रेड व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए लोन हेतु आवेदन करने आया था। उसने विधायक को बताया कि हमे 50000 रूपये लोन मिल जाएगा। तो मैं अपने व्यवसाय को और आगे बढ़ाके अपने बच्चों को पढ़ा सकता हूॅ, मेरा परिवार भी चल जाएगा। मुझे इसकी आवश्यकता है। लोन प्रधानमंत्री मुद्रा लोन के माध्यम से निराकृत करवाया गया। शीघ्र ही उसे लोन मिल जाएगा। सुशासन तिहार के अंतर्गत अभी तक नगर निगम भिलाई के 10 शिविरों में कुल 345 आवेदन प्राप्त हुए है। मुख्य कार्यालय परिसर में 75 आवेदन, जोन.1 नेहरू नगर पानी टंकी में 52 आवेदन, वार्ड 18 हरा मैदान कांट्रेक्टर कालोनी में 12 आवेदन, जोन.2 कार्यालय परिसर में 36 आवेदन, वार्ड 24 सूर्यकुण्ड सामुदायकि भवन हाउसिंग बोर्ड में 34 आवेदन, जोन.3 कार्यालय परिसर में 48 आवेदन, वार्ड 33 संतोषी पारा स्वास्थ्य कार्यालय में 43 आवेदन, जोन.4 कार्यालय परिसर में 21 आवेदन, वार्ड 46 छावनी तालाब के पास सामुदायिक भवन में 15 आवेदन, जोन.5 कार्यालय परिसर में 9 आवेदन इस प्रकार कुल 345 आवेदनों में 255 मांग एवं 90 शिकायतें प्राप्त हुई है। जिसका निर्धारित समय अवधि में निराकरण कर दिया जाएगा यह शिविर अवकाश के दिनों भी सभी निर्धारित स्थलों पर 11 अप्रेल तक चलेगा। सभी स्थानीय नागरिक अपनी मांग, शिकायते एवं अन्य समस्याएं जिनके लिए उन्हे परेशानी का सामना करना पढ़ रहा है।